सन्मार्ग संजीवनी
सन्मार्ग, भुवनेश्वर, शनिवार, नवंबर 08, 2014

राज्य के लिए महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं में कानकोर बना हिस्सेदार

भुवनेश्वर : राज्य के अत्यंत महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं जैसे अनुगूल-सुकिंदा रेलवे लाइन के कार्य में अब से कन्टेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (कानकोर) भी शामिल होगा। अनुगूल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड में 26 प्रतिशत इक्विटी शेयर निवेश कर अनुगूल-सुकिंदा रेलवे लाइन परियोजना में कानकोर हिस्सेदार बन गया है। इस संयुक्त उद्यम कंपनी में कानकोर के अलावा अन्य हिस्सेदार हैं- रेलवे के रेल विकास निगम लिमिटेड, राज्य सरकार, ओडिशा माइनिंग कार्पोरेशन, जेएसपीएल तथा इडको। कानकोर के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने अपनी कुल इक्विटी राशी के 156 करोड़ रुपये में से 100 करोड़ रुपये रिलीज करने की सहमती पत्र अनुगूल-सुकिंदा रेलवे लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार सामंतराय को सौंपा है। गुप्ता ने कहा है कि इस नये रेलवे लाइन की परियोजना में शामिल होने का उनका यह निर्णय राज्य में रेलवे की बुनियादी ढांचे को प्राथमिक रूप से प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया है।